(56) C.S (P) - 2010

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

**T.B.C. : N-DTQ-K-IU**

**Serial No.**

510861

# TEST BOOKLET
## GENERAL STUDIES

**Test Booklet Series**

# A

*Time Allowed : Two Hours*

*Maximum Marks : 150*

**INSTRUCTIONS**

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English.** Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose **ONLY ONE** response for each item.
5. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet.* You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong Answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. A geographic area with an altitude of 400 metres has following characteristics :

| Month | J | F | M | A | M | J | J | A | S | O | N | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Average maximum temp. °C | 31 | 31 | 31 | 31 | 30 | 30 | 29 | 28 | 29 | 29 | 30 | 31 |
| Average minimum temp. °C | 21 | 21 | 21 | 21 | 21 | 21 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| Rainfall (mm) | 51 | 85 | 188 | 158 | 139 | 121 | 134 | 168 | 185 | 221 | 198 | 86 |

If this geographic area were to have a natural forest, which one of the following would it most likely be ?

(a) Moist temperate coniferous forest

(b) Montane subtropical forest

(c) Temperate forest

(d) Tropical rain forest

2. If a potato is placed on a pure paper plate which is white and unprinted and put in a microwave oven, the potato heats up but the paper plate does not. This is because

(a) Potato is mainly made up of starch whereas paper is mainly made up of cellulose

(b) Potato transmits microwaves whereas paper reflects microwaves

(c) Potato contains water whereas paper does not contain water

(d) Potato is a fresh organic material whereas paper is a dead organic material

3. With reference to the Constitution of India, consider the following :

1. Fundamental Rights

2. Fundamental Duties

3. Directive Principles of State Policy

Which of the above provisions of the Constitution of India is/are fulfilled by the National Social Assistance Programme launched by the Government of India ?

(a) 1 only

(b) 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

4. A new type of El Nino called El Nino Modoki appeared in the news. In this context, consider the following statements :

1. Normal El Nino forms in the Central Pacific ocean whereas El Nino Modoki forms in Eastern Pacific ocean.

2. Normal El Nino results in diminished hurricanes in the Atlantic ocean but El Nino Modoki results in a greater number of hurricanes with greater frequency.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

1. एक भौगोलिक क्षेत्र की, जिसकी ऊँचाई 400 मीटर है, निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

| माह | J | F | M | A | M | J | J | A | S | O | N | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औसत अधिकतम तापमान °C | 31 | 31 | 31 | 31 | 30 | 30 | 29 | 28 | 29 | 29 | 30 | 31 |
| औसत न्यूनतम तापमान °C | 21 | 21 | 21 | 21 | 21 | 21 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| वर्षा (mm) | 51 | 85 | 188 | 158 | 139 | 121 | 134 | 168 | 185 | 221 | 198 | 86 |

यदि इस भौगोलिक क्षेत्र में प्राकृतिक वन विद्यमान हो, तो सर्वाधिक संभावना यह है कि यह

(a) आर्द्र शीतोष्ण शंकुवृक्षी वन होगा

(b) पर्वतीय उपोष्ण वन होगा

(c) शीतोष्ण वन होगा

(d) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन होगा

2. अगर एक आलू को कागज की सफेद बिना छपी प्लेट के उपर रखकर सूक्ष्म तरंग अवन में रख दिया जाए तो आलू गर्म हो जाता है परन्तु प्लेट नहीं। यह इस कारण है कि

(a) आलू मुख्यत: स्टार्च का बना होता है जब कि कागज मुख्यत: सैलुलोज का बना होता है

(b) आलू में से सूक्ष्म तरंगें निकल जाती हैं जबकि कागज सूक्ष्म तरंगों को परावर्तित कर देता है

(c) आलू में पानी होता है, जबकि कागज में पानी नहीं होता

(d) आलू एक ताजा कार्बनिक पदार्थ है जबकि कागज मृत कार्बनिक पदार्थ है

3. भारत के संविधान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मूल अधिकार
2. मूल कर्तव्य
3. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम में भारत के संविधान के उपर्युक्त उपबंधों में से कौन सा/से पूरे होते है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

4. हाल में, एक नई प्रकार की एल निनो, जिसका नाम एल निनो मोडोकी है, समाचारों में थी। इस प्रसंग में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सामान्य एल निनो मध्य प्रशांत महासागर में बनती है, जबकि एल निनो मोडोकी पूर्वी प्रशांत महासागर में बनती है।
2. सामान्य एल निनो के परिणामस्वरूप एटलांटिक महासागर में ह्रासमान प्रभंजन पैदा होता है, परन्तु एल निनो मोडोकी के परिणामस्वरूप ज्यादा संख्या में और ज्यादा आवृत्ति के प्रभंजन पैदा होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

5. Mon 863 is a variety of maize. It was in the news for the following reason

(a) It is a genetically modified dwarf variety which is resistant to drought

(b) It is a genetically modified variety which is pest resistant

(c) It is a genetically modified variety with ten times higher protein content than regular maize crop

(d) It is a genetically modified variety used exclusively for bio-fuel production

6. A cuboid has six sides of different colours. The red side is opposite to black. The blue side is adjacent to white. The brown side is adjacent to blue. The red side is face down. Which one of the following would be the opposite to brown ?

(a) Red

(b) Black

(c) White

(d) Blue

7. Consider the following statements :

The satellite Oceansat-2 launched by India helps in

1. estimating the water vapour content in the atmosphere.
2. predicting the onset of monsoons.
3. monitoring the pollution of coastal waters.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

8. Genetically modified "golden rice" has been engineered to meet human nutritional requirements. Which one of the following statements best qualifies golden rice ?

(a) The grains have been fortified with genes to provide three times higher grain yield per acre than other high yielding varieties

(b) Its grains contain pro-vitamin A which upon ingestion is converted to vitamin A in the human body

(c) Its modified genes cause the synthesis of all the nine essential amino acids

(d) Its modified genes cause the fortification of its grains with vitamin D.

9. In a tournament 14 teams play league matches. If each team plays against every other team once only then how many matches are played ?

(a) 105

(b) 91

(c) 85

(d) 78

10. Consider the following statements :

The Supreme Court of India tenders advice to the President of India on matters of law or fact

1. on its own initiative (on any matter of larger public interest).
2. if he seeks such an advice.
3. only if the matters relate to the Fundamental Rights of the citizens.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 3

(d) 1 and 2

5. Mon 863 मक्का की एक किस्म है। यह निम्नलिखित किस एक कारण से समाचारों में थी ?

(a) यह जननिक परिवर्तित बौनी किस्म है जिसमें सूखे को सहन करने की प्रतिरोधी क्षमता है

(b) यह जननिक परिवर्तित किस्म है जिसमें नाशी जीव प्रतिरोधी क्षमता है

(c) यह जननिक परिवर्तित किस्म है जिसमें साधारण मक्का फसल की तुलना में दस गुना अधिक प्रोटीन पाई जाती है

(d) यह जननिक परिवर्तित किस्म है जिसका इस्तेमाल मात्र जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाता है

6. एक लंबकोणिक समानान्तर षट्फलक के विभिन्न रंगों के छः फलक हैं। लाल फलक काले फलक के सम्मुख है। नीला फलक सफेद फलक के निकटवर्ती है। भूरा फलक नीले फलक के निकटवर्ती है। लाल फलक अधोमुखी है। निम्नलिखित में से कौन सा एक फलक भूरे फलक के सम्मुख होगा ?

(a) लाल

(b) काला

(c) सफेद

(d) नीला

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

ओशनसैट-2 (Oceansat-2) उपग्रह, जो भारत द्वारा प्रमोचित किया गया है,

1. वायुमण्डल में जल वाष्प की मात्रा का अनुमान लगाने में सहायता करता है।
2. मानसून के आगमन का पूर्वानुमान लगाने में सहायता करता है।
3. तटीय जल के प्रदूषण को मॉनीटर करने में सहायता करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

8. जननिक परिवर्तित "सुनहरा चावल (गोल्डन राइस)" मानव की पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इंजीनियरित किए गए हैं। निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सुनहरे चावल की विशेषता को सबसे अच्छी तरह वर्णित करता है ?

(a) उसके दानों का ऐसे जीनों से प्रबलीकरण किया गया है जिससे कि वह दूसरी उच्च पैदावार किस्मों की तुलना में प्रति एकड़ तीन गुना अधिक पैदावार देते हैं

(b) उसके दानों में प्रो-विटामिन A पाया जाता है जिसका अंतर्ग्रहण करने पर यह मानव शरीर में विटामिन A में परिवर्तित हो जाता है

(c) उसके परिवर्तित जीन सभी नौ आवश्यक एमीनो अम्लों के संश्लेषण के कारक हैं

(d) उसके परिवर्तित जीन दानों में विटामिन D प्रबलीकरण के कारक हैं

9. लीग मैचों की एक टूर्नामेंट में 14 टीमें खेल रही हैं। यदि प्रत्येक टीम हर अन्य टीम के साथ केवल एक बार खेलती है, तो कितने मैच खेले गये ?

(a) 105

(b) 91

(c) 85

(d) 78

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत का उच्चतम न्यायालय भारत के राष्ट्रपति को विधि अथवा तथ्यों के विषयों पर सलाह देता है

1. स्वप्रेरण पर (व्यापक लोकहित के किसी विषय में)।
2. यदि वह ऐसी कोई सलाह माँगता है।
3. केवल यदि विषय नागरिकों के मूल अधिकारों से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 3

(d) 1 और 2

11. Chlorination is a process used for water purification. The disinfecting action of chlorine is mainly due to

(a) The formation of hydrochloric acid when chlorine is added to water

(b) The formation of hypochlorous acid when chlorine is added to water

(c) The formation of nascent oxygen when chlorine is added to water

(d) The formation of hydrogen when chlorine is added to water

12. With reference to Lok Adalats, which of the following statements is correct ?

(a) Lok Adalats have the jurisdiction to settle the matters at pre-litigative stage and not those matters pending before any court

(b) Lok Adalats can deal with matters which are civil and not criminal in nature

(c) Every Lok Adalat consists of either serving or retired judicial officers only and not any other person

(d) None of the statements given above is correct

13. Consider the following :

1. Bluetooth device
2. Cordless phone
3. Microwave oven
4. Wi-Fi device

Which of the above can operate between 2·4 and 2·5 GHz range of radio frequency band ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

14. Though coffee and tea both are cultivated on hill slopes, there is some difference between them regarding their cultivation. In this context, consider the following statements :

1. Coffee plant requires a hot and humid climate of tropical areas whereas tea can be cultivated in both tropical and subtropical areas.
2. Coffee is propagated by seeds but tea is propagated by stem cuttings only.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

15. In the context of the affairs of which of the following is the phrase "Special Safeguard Mechanisms" mentioned in the news frequently ?

(a) United Nations Environment Programme

(b) World Trade Organisation

(c) ASEAN-India Free Trade Agreement

(d) G-20 Summits

16. Which of the following terms indicates a mechanism used by commercial banks for providing credit to the government ?

(a) Cash Credit Ratio

(b) Debt Service Obligation

(c) Liquidity Adjustment Facility

(d) Statutory Liquidity Ratio

**11.** क्लोरीनीकरण पानी को शुद्ध करने का एक प्रक्रम है। क्लोरीन की रोगाणुनाशी क्रिया का मुख्य कारण क्या है ?

(a) पानी में क्लोरीन मिलाए जाने पर हाईड्रोक्लोरिक अम्ल का बनना

(b) पानी में क्लोरीन मिलाए जाने पर हाइड्रोक्लोरस अम्ल का बनना

(c) पानी में क्लोरीन मिलाए जाने पर नवजात ऑक्सीजन का बनना

(d) पानी में क्लोरीन मिलाए जाने पर हाईड्रोजन का बनना

**12.** लोक अदालतों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही है ?

(a) लोक अदालतों की अधिकारिता मुकदमा दायर करने से पहले के मामलों का निपटारा करने की है, और उन मामलों का नहीं, जो किसी न्यायालय में लम्बित हों

(b) लोक अदालतें ऐसे मामलों का निपटारा कर सकती हैं जो सिविल, न कि आपराधिक, प्रकृति के हैं

(c) प्रत्येक लोक अदालत में केवल सेवारत अथवा सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी ही नियुक्त हो सकते हैं, कोई अन्य व्यक्ति नहीं

(d) उपर्युक्त में से कोई सा भी कथन सही नहीं है

**13.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. ब्लू टूथ उपकरण (डिवाइस)
2. तार रहित फोन (कॉर्डलेस फोन)
3. सूक्ष्मतरंग अवन
4. वाई-फाई (Wi-Fi) उपकरण

इन में से कौन से, 2·4 और 2·5 GHz रेडियो आवृत्ति बैन्ड पर प्रचालन कर सकते हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**14.** यद्यपि कॉफी और चाय दोनों की खेती पहाड़ी ढलानों पर की जाती है, तथापि इनकी कृषि के सम्बन्ध में इन दोनों में कुछ अंतर पाया जाता है। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कॉफी के पौधे को उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की उष्ण और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि चाय की खेती उष्णकटिबंधीय और उपोष्ण दोनों क्षेत्रों में की जा सकती है।
2. कॉफी बीज़ों के द्वारा प्रवर्धित की जाती है, लेकिन चाय केवल डाली कलम के द्वारा प्रवर्धित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**15.** ''विशिष्ट रक्षोपाय क्रियाविधि'' (स्पेशल सेफगार्ड मेकेनिज्मस) मुहावरा निम्नलिखित में से किस एक के कार्यों के संदर्भ में समाचारों में प्रायः चर्चा में आता रहता है ?

(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनाइटेड नेशन्स इनवायरनमेंट प्रोग्राम)

(b) विश्व व्यापार संगठन (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन)

(c) ASEAN-भारत स्वतंत्र व्यापार समझौता (ASEAN-इंडिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट)

(d) G-20 शिखर सम्मेलन

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी पारिभाषिक शब्दावली उस क्रियाविधि को इंगित करती है जिसके माध्यम से वाणिज्य बैंक सरकार को उधार देता है ?

(a) नकदी उधार अनुपात (कैश क्रेडिट रेशियो)

(b) ऋण सेवा दायित्व (डेट सर्विस आब्लिगेशन)

(c) तरलता समायोजन सुविधा (लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फेसिलिटी)

(d) सांविधिक तरलता अनुपात (स्टैट्यूटरी लिक्विडिटी रेशियो)

17. In order to comply with TRIPS Agreement, India enacted the Geographical Indications of Goods (Registration & Protection) Act, 1999. The difference/differences between a "Trade Mark" and a Geographical Indication is/are

1. A Trade Mark is an individual or a company's right whereas a Geographical Indication is a community's right.
2. A Trade Mark can be licensed whereas a Geographical Indication cannot be licensed.
3. A Trade Mark is assigned to the manufactured goods whereas the Geographical Indication is assigned to the agricultural goods/products and handicrafts only.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

18. The SEZ Act, 2005 which came into effect in February 2006 has certain objectives. In this context, consider the following :

1. Development of infrastructure facilities.
2. Promotion of investment from foreign sources.
3. Promotion of exports of services only.

Which of the above are the objectives of this Act ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

19. Which one of the following statements is an appropriate description of deflation ?

(a) It is a sudden fall in the value of a currency against other currencies
(b) It is a persistent recession in both the financial and real sectors of economy
(c) It is a persistent fall in the general price level of goods and services
(d) It is a fall in the rate of inflation over a period of time

20. Consider the following statements :

1. Biodiversity hotspots are located only in tropical regions.
2. India has four biodiversity hotspots i.e., Eastern Himalayas, Western Himalayas, Western Ghats and Andaman and Nicobar Islands.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

21. Widespread resistance of malarial parasite to drugs like chloroquine has prompted attempts to develop a malarial vaccine to combat malaria. Why is it difficult to develop an effective malaria vaccine ?

(a) Malaria is caused by several species of *Plasmodium*
(b) Man does not develop immunity to malaria during natural infection
(c) Vaccines can be developed only against bacteria
(d) Man is only an intermediate host and not the definitive host

17. TRIPS समझौते का अनुपालन करने के लिए भारत ने जियोग्राफिकल इंडिकेशन्स ऑफ गुड्स (रेजिस्ट्रेशन एवं प्रोटैक्शन) ऐक्ट, 1999 अधिनियमित किया। "व्यापार चिन्ह" (ट्रेड मार्क) तथा भौगोलिक संकेत (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) के बीच निम्नलिखित अंतर है/हैं :

1. व्यापार चिन्ह किसी व्यक्ति या कंपनी का अधिकार है जब कि भौगोलिक संकेत किसी एक समुदाय का अधिकार है।
2. व्यापार चिन्ह को अनुज्ञप्त किया जा सकता है, जब कि भौगोलिक संकेत को अनुज्ञप्त नहीं किया जा सकता।
3. व्यापार चिन्ह उत्पादित माल के लिए समनुदेशित किया जाता है, जब कि भौगोलिक संकेत केवल कृषि माल/उत्पाद तथा हस्तशिल्प के लिए समनुदेशित किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

18. फरवरी 2006 में प्रभावी हुआ SEZ ऐक्ट, 2005 के कुछ उद्देश्य हैं। इस संदर्भ में, निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. अव संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं का विकास।
2. विदेशी स्रोतों से निवेश को प्रोत्साहन।
3. केवल सेवा क्षेत्र में निर्यात को प्रोत्साहन।

उपर्युक्त में से कौन सा/से, इस ऐक्ट के उद्देश्य है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

19. निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन अवस्फीति का उपयुक्त वर्णन करता है ?

(a) यह दूसरी मुद्राओं की तुलना में मुद्रा मान में अचानक आई गिरावट है
(b) यह अर्थव्यवस्था के वित्तीय तथा वास्तविक क्षेत्रों में आई सतत मंदी है
(c) यह माल तथा सेवाओं के सामान्य कीमत स्तर में आई सतत गिरावट है
(d) यह मुद्रास्फीति दर में एक निश्चित समय अवधि में आई गिरावट है।

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जैव-विविधता हॉटस्पॉट केवल उष्ण-कटिबंधी प्रदेशों में स्थित हैं।
2. भारत में चार जैव-विविधता हॉटस्पॉट, अर्थात् पूर्वी हिमालय, पश्चिमी हिमालय, पश्चिमी घाट तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

21. मलेरिया परजीवी की क्लोरोक्वीन जैसी औषधियों के प्रति व्यापक प्रतिरोधक क्षमता पनपने के कारण मलेरिया से लड़ने के लिए मलेरिया वैक्सीन (रोग निरोधक टीके) विकसित करने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। एक प्रभावी मलेरिया वैक्सीन (रोग निरोधक टीके) विकसित करने में क्या कठिनाई है ?

(a) मलेरिया की कारक **प्लाज्मोडियम** की विभिन्न जातियाँ (स्पीशीज) हैं
(b) प्राकृतिक संक्रमण के समय मनुष्य मलेरिया के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित नहीं करता
(c) वैक्सीन केवल जीवाणुओं के विरुद्ध विकसित किया जा सकता है
(d) मनुष्य केवल मध्यस्थ परपोषी है, अन्त्य परपोषी नहीं

22. Consider the following statements :

1. The boundaries of a National Park are defined by legislation.
2. A Biosphere Reserve is declared to conserve a few specific species of flora and fauna.
3. In a Wildlife Sanctuary, limited biotic interference is permitted.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

23. A pesticide which is a chlorinated hydrocarbon is sprayed on a food crop. The food chain is : Food crop – Rat – Snake – Hawk. In this food chain, the highest concentration of the pesticide would accumulate in which one of the following ?

(a) Food crop

(b) Rat

(c) Snake

(d) Hawk

24. With reference to soil conservation, consider the following practices :

1. Crop rotation
2. Sand fences
3. Terracing
4. Wind breaks

Which of the above are considered appropriate methods for soil conservation in India ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

25. With reference to the Non-banking Financial Companies (NBFCs) in India, consider the following statements :

1. They cannot engage in the acquisition of securities issued by the government.
2. They cannot accept demand deposits like Savings Account.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

26. Which one of the following was ***not*** stipulated in the Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2003 ?

(a) Elimination of revenue deficit by the end of the fiscal year 2007-08

(b) Non-borrowing by the central government from Reserve Bank of India except under certain circumstances

(c) Elimination of primary deficit by the end of the fiscal year 2008-09

(d) Fixing government guarantees in any financial year as a percentage of GDP

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय उद्यान की सीमारेखा विधान से परिभाषित होती है।
2. आरक्षित जैवक्षेत्र की घोषणा वनस्पतिजात और प्राणीजात की कुछ विशिष्ट जातियों के संरक्षण के लिए की जाती है।
3. वन्य प्राणी अभयारण्य में सीमित जीवीय हस्तक्षेप की अनुमति होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

23. किसी एक आहार फसल पर क्लोरीनीकृत हाइड्रोकार्बन पीड़कनाशी का छिड़काव किया जाता है। आहार शृंखला का क्रम है : आहार फसल – मूषक – सर्प – बाज। इस आहार शृंखला में पीड़कनाशी की अधिकतम सांद्रता निम्नलिखित में से किस में संचित होगी ?

(a) आहार फसल
(b) मूषक
(c) सर्प
(d) बाज

24. मृदा संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित प्रचलित पद्धतियों पर विचार कीजिए :

1. सस्यावर्तन (फसलों का हेरफेर)
2. बालू की बाड़
3. वेदिका निर्माण ((टैरेसिंग)
4. वायु रोध

भारत में मृदा संरक्षण के लिए उपर्युक्त में से कौन सी विधियां उपयुक्त समझी जाती हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

25. भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों के अधिग्रहण में भाग नहीं ले सकते।
2. ये बचत खाते की तरह मांग निक्षेप (डिमांड डिपोजिट) स्वीकार नहीं कर सकते।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित में से कौन सा एक, राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 (फिसकल रिस्पॉन्सीबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट ऐक्ट, 2003 ) में अनुबद्ध **नहीं** है ?

(a) राजकोषीय वर्ष 2007-08 की समाप्ति तक राजस्व घाटे को खत्म करना
(b) केन्द्र सरकार द्वारा RBI से, कतिपय परिस्थितियों के सिवाय, उधार न लेना
(c) राजकोषीय वर्ष 2008-09 की समाप्ति तक प्राथमिक घाटे को खत्म करना
(d) सरकारी गारंटियों को, किसी भी वित्तीय वर्ष में, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की प्रतिशतता के रूप में नियत करना

27. Two trains leave New Delhi at the same time. One travels north at 60 kmph and the other travels south at 40 kmph. After how many hours will the trains be 150 km apart ?

(a) $\frac{3}{2}$

(b) $\frac{4}{3}$

(c) $\frac{3}{4}$

(d) $\frac{15}{2}$

28. A question paper had ten questions. Each question could only be answered as True (T) or False (F). Each candidate answered all the questions. Yet, no two candidates wrote the answers in an identical sequence. How many different sequences of answers are possible ?

(a) 20

(b) 40

(c) 512

(d) 1024

29. In the parlance of financial investments, the term 'bear' denotes

(a) An investor who feels that the price of a particular security is going to fall

(b) An investor who expects the price of particular shares to rise

(c) A shareholder or a bondholder who has an interest in a company, financial or otherwise

(d) Any lender whether by making a loan or buying a bond

30. A great deal of Foreign Direct Investment (FDI) to India comes from Mauritius than from many major and mature economies like UK and France. Why ?

(a) India has preference for certain countries as regards receiving FDI

(b) India has double taxation avoidance agreement with Mauritius

(c) Most citizens of Mauritius have ethnic identity with India and so they feel secure to invest in India

(d) Impending dangers of global climatic change prompt Mauritius to make huge investments in India

31. Six books A, B, C, D, E and F are placed side by side. B, C and E have blue cover and the other books have red cover. Only D and F are new books and the rest are old. A, C and D are law reports and others are Gazetteers. What book is a new law report with a red colour ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

32. Following are the characteristics of an area in India :

1. Hot and humid climate
2. Annual rainfall 200 cm
3. Hill slopes up to an altitude of 1100 metres
4. Annual range of temperature 15°C to 30°C

Which one among the following crops are you most likely to find in the area described above ?

(a) Mustard

(b) Cotton

(c) Pepper

(d) Virginia tobacco

27. दो ट्रेनें नई दिल्ली से एक ही समय में प्रस्थान करती हैं : एक ट्रेन उत्तर को 60 kmph की गति से चलती है और दूसरी दक्षिण को 40 kmph की गति से चलती है। कितने घंटों के पश्चात् ये दोनों ट्रेनें परस्पर 150 km दूर होंगी ?

(a) $\frac{3}{2}$

(b) $\frac{4}{3}$

(c) $\frac{3}{4}$

(d) $\frac{15}{2}$

28. किसी प्रश्नपत्र में 10 प्रश्न थे। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर केवल सत्य (T) या असत्य (F) के रूप में दिया जा सकता था। प्रत्येक अभ्यर्थी ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिये। तथापि, किन्हीं भी दो अभ्यर्थियों ने उत्तर सर्वसम अनुक्रम में नहीं लिखे। उत्तरों के भिन्न-भिन्न कितने अनुक्रम संभव हैं ?

(a) 20

(b) 40

(c) 512

(d) 1024

29. वित्तीय निवेशों के विशिष्ट वाग्व्यवहार में, मंदड़िया (Bear) शब्द किसका द्योतक है ?

(a) उस निवेशक का, जो यह महसूस करता है कि अमुक प्रतिभूति की कीमत गिरने वाली है

(b) उस निवेशक का, जो यह महसूस करता है कि अमुक शेयरों की कीमत बढ़ने वाली है

(c) उस शेयरधारक या बॉन्डधारक का, जिसकी किसी, वित्तीय या अन्यथा, कंपनी में हिस्सेदारी है

(d) उस उधारदाता का, जो कर्ज देता है या बॉन्ड खरीदता है

30. भारत में आने वाला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) बड़ी मात्रा में मारिशस से आता है; न कि यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस जैसी अनेक बड़ी और परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं से। इसका क्या कारण है ?

(a) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लेने में भारत कुछ देशों को अधिमान देता है

(b) भारत का मारिशस के साथ दोहरा करारोपण परिहार समझौता है

(c) मारिशस के अधिकांश नागरिक भारत के साथ नृजातीय तादात्म्य रखते हैं और इस कारण भारत में निवेश करने में सुरक्षित महसूस करते हैं

(d) वैश्विक जलवायु परिवर्तन के भावी खतरों को देखते हुए मॉरिशस बहुत बड़े स्तर पर भारत में निवेश कर रहा है

31. छः पुस्तकों A, B, C, D, E और F को एक के पार्श्व में एक कर रखा जाता है। B, C और E नीले आवरण की हैं और अन्य पुस्तकें लाल आवरण की हैं। केवल D और F नई पुस्तकें हैं और शेष सभी पुरानी हैं। A, C और D कानूनी रिपोर्टें हैं और अन्य गजेटियर हैं। कौनसी पुस्तक, नई लाल आवरण वाली कानूनी रिपोर्ट है ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

32. भारत के एक क्षेत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

1. उष्ण और आर्द्र जलवायु
2. 200 सेंटीमीटर वार्षिक वर्षा
3. 1100 मीटर तक की ऊँचाई के पहाड़ी ढाल
4. 15°C से 30°C तक वार्षिक ताप परिसर

निम्नलिखित उपजों में से कौन सी एक उपज आप उपर्युक्त वर्णित क्षेत्र में अत्यधिक संभाव्य पायेंगे ?

(a) सरसों

(b) कपास

(c) काली मिर्च

(d) वर्जिनियाँ तंबाकू

**33.** Running at a speed of 60 km per hour, a train passed through a 1·5 km long tunnel in two minutes. What is the length of the train ?

(a) 250 m

(b) 500 m

(c) 1000 m

(d) 1500 m

**34.** India-based Neutrino Observatory is included by the Planning Commission as a mega science project under the 11th Five-Year Plan. In this context, consider the following statements :

1. Neutrinos are chargeless elementary particles that travel close to the speed of light.
2. Neutrinos are created in nuclear reactions of beta decay.
3. Neutrinos have a negligible, but nonzero mass.
4. Trillions of Neutrinos pass through human body every second.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2, 3 and 4

(d) 1, 2, 3 and 4

**35.** The "Instrument of Instructions" contained in the Government of India Act 1935 have been incorporated in the Constitution of India in the year 1950 as

(a) Fundamental Rights

(b) Directive Principles of State Policy

(c) Extent of executive power of State

(d) Conduct of business of the Government of India

**36.** Hydrogen fuel cell vehicles produce one of the following as "exhaust"

(a) $NH_3$

(b) $CH_4$

(c) $H_2O$

(d) $H_2O_2$

**37.** Recently, LASIK (Laser Assisted *In Situ* Keratomileusis) procedure is being made popular for vision correction. Which one of the following statements in this context is ***not*** correct ?

(a) LASIK procedure is used to correct refractive errors of the eye

(b) It is a procedure that permanently changes the shapes of the cornea

(c) It reduces a person's dependence on glasses or contact lenses

(d) It is a procedure that can be done on the person of any age

**38.** Consider the following :

1. Oxides of Hydrogen
2. Oxides of Nitrogen
3. Oxides of Sulphur

Which of the above causes/cause acid rain ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

33. 60 km प्रति घंटे की गति से चलती हुई एक ट्रेन एक 1·5 km लंबी सुरंग में से दो मिनट में गुजर जाती है। ट्रेन की लंबाई क्या है ?

(a) 250 m
(b) 500 m
(c) 1000 m
(d) 1500 m

34. भारत स्थित न्युट्रीनो ऑब्जर्वेटरी को योजना आयोग ने 11 वीं पंच वर्षीय योजना में एक मेगा वैज्ञानिक परियोजना के तौर पर सम्मिलित किया है। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. न्युट्रीनो चार्ज रहित मूलकण हैं जो प्रकाश की गति के आसपास चलते हैं।
2. न्युट्रीनो नाभिकीय अभिक्रिया में बीटा क्षय से उत्पन्न होते हैं।
3. न्युट्रीनों का उपेक्षणीय, किंतु शून्येतर द्रव्यमान होता है।
4. खरबों न्युट्रीनों मानव शरीर में से, प्रति सेकेंड, आर-पार होते रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

35. भारत सरकार अधिनियम, 1935 में अंतर्विष्ट "अनुदेश-प्रपत्र (इन्स्ट्रुमेन्ट ऑफ इन्सट्रक्शन्स)" को वर्ष 1950 में भारत के संविधान में किस रूप में समाविष्ट किया गया ?

(a) मूल अधिकार
(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्व
(c) राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार
(d) भारत सरकार के कार्य का संचालन

36. हाइड्रोजन ईंधन सेल वाले वाहन, "रेचन (एक्ज़्हास्ट)" के रूप में क्या निर्मित करते हैं ?

(a) $NH_3$
(b) $CH_4$
(c) $H_2O$
(d) $H_2O_2$

37. हाल में, LASIK (लेसर असिस्टेड इन सिटु केरैटोमिल्यूसिस) क्रिया-विधि दृष्टि सुधार हेतु लोकप्रिय हो रही है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही **नहीं** है ?

(a) LASIK क्रिया-विधि नेत्र अपवर्तन दोषों का संशोधन करने के काम आती है
(b) यह क्रिया-विधि स्वच्छमंडल के आकार में स्थाई परिवर्तन ले आती है
(c) यह क्रिया-विधि चश्मे अथवा कांटेक्ट लैंसों पर व्यक्ति की निर्भरता को घटा देती है
(d) यह क्रिया-विधि किसी भी उम्र के व्यक्ति पर की जा सकती है

38. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. हाइड्रोजन के ऑक्साइड
2. नाइट्रोजन के ऑक्साइड
3. सल्फर के ऑक्साइड

उपर्युक्त में से कौन सा/कौन से अम्लीय वर्षा के कारक हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

39. Six persons M, N, O, P, Q and R are sitting in two rows, three in each. Q is not at the end of any row. P is second to the left of R. O is the neighbour of Q and is sitting diagonally opposite to P. N is the neighbour of R. On the basis of above information, who is facing N ?

(a) R

(b) Q

(c) P

(d) M

40. A person X has four notes of Rupee 1, 2, 5 and 10 denomination. The number of different sums of money she can form from them is

(a) 16

(b) 15

(c) 12

(d) 8

41. Consider the following countries :

1. Brazil
2. Mexico
3. South Africa

According to UNCTAD, which of the above is/are categorized as "Emerging Economies" ?

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

42. Which one of the following is *not* related to United Nations ?

(a) Multilateral Investment Guarantee Agency

(b) International Finance Corporation

(c) International Centre for Settlement of Investment Disputes

(d) Bank for International Settlements

43. In the context of Indian economy, consider the following pairs :

| *Term* | *Most appropriate description* |
|---|---|
| 1. Melt down ......... | Fall in stock prices |
| 2. Recession ......... | Fall in growth rate |
| 3. Slow down ......... | Fall in GDP |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

44. With reference to BRIC countries, consider the following statements :

1. At present, China's GDP is more than the combined GDP of all the three other countries.
2. China's population is more than the combined population of any two other countries.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

39. छः व्यक्ति M, N, O, P, Q और R, तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार, दो पंक्तियों में बैठे हैं। Q किसी भी पंक्ति के अंत में नहीं है। P, R की बांई ओर दूसरे स्थान पर है। O, Q का पड़ोसी है और P के विकर्णतः सम्मुख है। N, R का पड़ोसी है। उपर्युक्त सूचना के आधार पर N के सम्मुख कौन है ?

(a) R
(b) Q
(c) P
(d) M

40. एक व्यक्ति X के पास चार, प्रत्येक, 1, 2, 5 और 10 रुपये के नोट हैं। इसमें से कितनी संख्या में विभिन्न धनराशियां बनाई जा सकती हैं ?

(a) 16
(b) 15
(c) 12
(d) 8

41. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. ब्राजील
2. मेक्सिको
3. दक्षिण अफ्रीका

UNCTAD के अनुसार, उपर्युक्त में से कौन सा/से देश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं कोटि का/की है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित में से क्या एक संयुक्त राष्ट्र संघ से सम्बद्ध **नहीं** है ?

(a) बहुपक्षीय निवेश गारंटी अभिकरण (मल्टीलेटरल इनवेस्टमेंट गारंटी ऐजेंसी)
(b) अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपॉरेशन)
(c) अंतरराष्ट्रीय निवेश विवाद समझौता केन्द्र (इंटरनेशनल सेंटर फॉर सैटिलमेंट ऑफ इनवेस्टमेंट डिस्प्यूट्स)
(d) अंतरराष्ट्रीय निपटारा बैंक (बेंक फॉर इंटरनेशनल सैटिलमेंट)

43. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| पद | | सर्वोपयुक्त वर्णन |
|---|---|---|
| 1. मेल्टडाउन | ......... | स्टॉक कीमतों की गिरावट |
| 2. मंदी (रिसेसन) | ......... | संवृद्धि दर की गिरावट |
| 3. स्लो-डाउन | ......... | सकल घरेलू उत्पाद की गिरावट |

उपर्युक्त में से कौन सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

44. BRIC देशों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वर्तमान में, चीन का सकल घरेलू उत्पाद, अन्य तीनों देशों के सकल घरेलू उत्पाद के योग से अधिक है।
2. चीन की जनसंख्या किन्हीं अन्य दो देशों की जनसंख्या के योग से अधिक है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

45. Which of the following is/are treated as artificial currency ?

(a) ADR

(b) GDR

(c) SDR

(d) Both ADR and SDR

46. Stiglitz Commission established by the President of the United Nations General Assembly was in the international news. The commission was supposed to deal with

(a) The challenges posed by the impending global climate change and prepare a road map

(b) The workings of the global financial systems and to explore ways and means to secure a more sustainable global order

(c) Global terrorism and prepare a global action plan for the mitigation of terrorism

(d) Expansion of the United Nations Security Council in the present global scenario

47. With reference to the mineral resources of India, consider the following pairs :

| *Mineral* | | *90% Natural sources in* |
|---|---|---|
| 1. Copper | ......... | Jharkhand |
| 2. Nickel | ......... | Orissa |
| 3. Tungsten | ......... | Kerala |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

48. As regards the use of international food safety standards as reference point for the dispute settlements, which one of the following does WTO collaborate with ?

(a) Codex Alimentarius Commission

(b) International Federation of Standards Users

(c) International Organization for Standardization

(d) World Standards Cooperation

49. An objective of the National Food Security Mission is to increase the production of certain crops through area expansion and productivity enhancement in a sustainable manner in the identified districts of the country. What are those crops ?

(a) Rice and wheat only

(b) Rice, wheat and pulses only

(c) Rice, wheat, pulses and oil seeds only

(d) Rice, wheat, pulses, oil seeds and vegetables

50. In India, the interest rate on savings accounts in all the nationalized commercial banks is fixed by

(a) Union Ministry of Finance

(b) Union Finance Commission

(c) Indian Banks' Association

(d) None of the above

45. निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा/मुद्राएं कृत्रिम समझी जाती है/हैं ?
   (a) ADR
   (b) GDR
   (c) SDR
   (d) ADR और SDR दोनों

46. संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के अध्यक्ष द्वारा स्थापित स्टीग्लिट्ज आयोग अंतरराष्ट्रीय समाचारों में रहा है। इस आयोग का अपेक्षित दायित्व
   (a) आसन्न वैश्विक जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना और भावी दिशा योजना बनाना था
   (b) वैश्विक वित्तीय प्रणालियों की कार्यविधियों का आकलन करना और ऐसे तौर-तरीकों को खोजना था जिससे अपेक्षाकृत अधिक धारणीय वैश्विक व्यवस्था की स्थापना सुनिश्चित हो सके
   (c) वैश्विक आतंकवाद से निपटना और आतंकवाद के शमन की वैश्विक कार्य योजना बनाना था
   (d) वर्तमान वैश्विक स्थितियों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद का विस्तारण करना था

47. भारत के खनिज संसाधनों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **खनिज** | | ***90%*** **प्राकृतिक स्रोत कहाँ हैं** |
|---|---|---|
| 1. तांबा | ......... | झारखंड |
| 2. निकेल | ......... | उड़ीसा |
| 3. टंगस्टन | ......... | केरल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

48. विवादों को सुलझाने हेतु संदर्भ बिंदु के रूप में प्रयुक्त अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों के संबंध में WTO निम्नलिखित में से किस के साथ सहयोग करता है ?
   (a) कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन
   (b) अंतरराष्ट्रीय मानक उपभोक्ता संघ (इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेंडर्ड यूसर्स)
